वार्षिकी

(२०२०-२०२१)

ANNUAL REPORT

(2020 - 2021)

सम्पादक

डॉ0 अरुण कुमार झा

सचिव

दिल्ली-संस्कृत-अकादमी

(दिल्ली सरकार)

वार्षिकी

(वर्ष २०२०-२०२१)

सम्पादक

डा. अरुण कुमार झा

सचिव

सहायक सम्पादक

प्रद्युम्न चन्द्र

दिल्ली-संस्कृत-अकादमी

(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार)

प्लाट सं.-५, झण्डेवालान, करोलबाग, नई दिल्ली-११०००५

प्रकाशक-

सचिव,

दिल्ली-संस्कृत-अकादमी

(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार)

© दिल्ली-संस्कृत-अकादमी

प्राप्तिस्थान-

विक्रय-विभाग

दिल्ली संस्कृत अकादमी

(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार)

प्लाट सं0 5, झण्डेवालान, करोलबाग, नई दिल्ली-110005

दूरभाष : 011-23635592, 20920363

website:- **www.sanskritacademy.delhi.gov.in**

E-mail:- **delhisanskritacademy@gmail.com**

Facebook:- **www.facebook.com /delhisanskritacademy**

विषय सूची

क्र.सं.		पृष्ठ सं.
1.	संस्कृत भाषा का महत्त्व	1
2.	संस्कृतभाषा की उपादेयता	2
3.	दिल्ली संस्कृत अकादमी की स्थापना	6
4.	दिल्ली संस्कृत अकादमी के उद्देश्य	7
5.	दिल्ली संस्कृत अकादमी के कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ	8
6.	अकादमी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की सूची एवं विवरण	19
7.	अकादमी प्रकाशनों का विवरण	22
8.	विक्रय हेतु उपलब्ध प्रकाशनों की सूची	30
9.	सी.ए. ऑडिट रिर्पोट	33

संस्कृत भाषा का महत्त्व

विश्व की अनेक प्राचीन सभ्यताएँ कालकवलित हो गयीं, किन्तु भारतीय संस्कृति आज भी विश्व के प्रांगण में अपना सम्मानपूर्ण तथा गौरवमय स्थान बनाए हुए है, इसका एक महत्त्वपूर्ण कारण यह है कि भारतीय संस्कृति के उद्भव एवं विकास को संस्कृत-भाषा का स्वर प्राप्त हुआ है। प्राचीन काल से ही विभिन्न संस्कृतियों, मान्यताओं, धार्मिक विश्वासों, बौद्धिक पूर्वाग्रहों की अभिव्यक्ति संस्कृत के माध्यम से हुई है। इसलिए बार-बार उद्घोष किया जाता रहा है-**'भारतस्य प्रतिष्ठे द्वे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा।** '' संस्कृत भाषा का साहित्यिक तथा प्राच्यविद्यापरक इतिहास मात्र एकवर्गीय चेतना की अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि इसमें मानव-सभ्यता के स्वस्थ मूल्यों की बहु-आयामी दिशाएँ मुखरित हुई हैं, जो भारत को 'जगद्गुरु' बनाने का गौरव प्रदान करती हैं। राष्ट्रीय एकता को एक सूत्र में पिरोने तथा भारत की सामाजिक संस्कृति को इन्द्रधनुषी रंग से अभिव्यक्ति प्रदान करने वाली एक दायित्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह संस्कृत-भाषा और उसका साहित्य प्राचीन काल से करता आया है। संस्कृत भारतवर्ष की राष्ट्रीय अखण्डता और 'अनेकता में एकता' का सन्देश सदियों से देती आयी है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक तथा गुजरात से लेकर नागालैण्ड तक भारत में तीन सौ से भी अधिक भाषाएँ या बोलियाँ बोली जाती हैं। संस्कृत इन सभी भाषाओं और बोलियों की माँ है और उन्हें एकता के सूत्र में बाँधती है। संस्कृत की राष्ट्रीय चेतना के परिणाम स्वरूप ही भारतवर्ष एक समृद्ध सांस्कृतिक राष्ट्र के रूप में अपना महत्त्वपूर्ण स्थान बना पाया है।

प्रत्येक सामुदायिक वर्ग और धार्मिक मतानुयायियों को राष्ट्रीय पटल पर आने की जब भी महत्त्वाकांक्षा हुई तो उन्हें संस्कृत के सहारे की आवश्यकता पड़ी। संस्कृत के पाश्चात्य विद्वान् 'मोनियर विलियम्स' की धारणा रही है कि **'यद्यपि भारतवर्ष में अनेक भाषाएं विद्यमान हैं, परन्तु भारतीयता के समर्थक सभी व्यक्तियों ने जाति, कुल मर्यादा तथा सम्प्रदाय से ऊपर उठकर सर्वसम्मति से संस्कृत और उनके साहित्य को महान आदर दिया। 'सर्वधर्म समभाव' एवं 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावधारा से इसने विश्वबन्धुत्व के कल्पवृक्ष को सींचा है। इसकी विभिन्न शाखाओं पर नाना संस्कृतियों के स्वर गुञ्जायमान हैं।'** संस्कृत मानव-सभ्यता के प्राचीनतम इतिहास से जुड़ी विश्व की

प्रथम भाषा है, जो प्राचीन होने के साथ-साथ आधुनिक भाषा के रूप में भी सर्वथा समर्थ है। चाहे विदेशी भाषाओं की बात हो या फिर आधुनिक भारतीय भाषाओं की, संस्कृत का सभी से घनिष्ठ सम्बन्ध देखा जा सकता है। भाषायी एकता की प्रेरणास्रोत होने के कारण संस्कृत को सभी भाषाओं की जननी कहा जाता है। संस्कृत की शुद्धता, पवित्रता, विलक्षणता और सार्वभौमिकता के कारण आचार्य दण्डी द्वारा इसे देववाणी के रूप में सम्मानित किया गया। उन्होंने काव्यादर्श में लिखा है **''संस्कृतं नाम दैवीवाक् अन्वाख्याता महर्षिभिः।''** वैदिक काल से संस्कृत भाषा भारतवर्ष की राष्ट्रीय भाषा होने के कारण 'भारत भारती' के रूप में व्यवहृत होती थी। वैदिक ऋषियों ने संस्कृत-भाषा के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ लोकभाषाओं के अभ्युदय की कामना भी की है। भारतवर्ष के संविधान में अपनाये गए **'सर्वभाषा उन्नति'** के सिद्धान्त का मूल स्वर ऋग्वेद में मिलता है- **''आ भारती भारतीभिः सजोषा'' (ऋग्वेद ७.२.८)**। वस्तुतः समस्त मानव-सभ्यता संस्कृत भाषा पर केन्द्रीभूत है, कहा भी गया है- **'संस्कृतिः संस्कृताश्रिता।'**

वर्तमान में संस्कृत भाषा की उपादेयता

संस्कृत भाषा ने देश की सभी विचार परंपराओं और सांस्कृतिक विरासतों का प्रतिनिधित्व किया है। चाहे वेदवादी रहे हों या वेदविरोधी, आस्तिक हों या नास्तिक, जैन हों या बौद्ध, शैव हों या वैष्णव, अध्यात्मवादी हों या लोकायत्तिक, मुस्लिम हों या यूरोपियन सभी ने संस्कृत-साहित्य के महासमुद्र में अपनी वाग्धारा अर्थ का अर्घ्य समर्पित किया है तथा ऐतिहासिक साक्ष्य के रूप में यह गवाही भी दी है कि संस्कृत ने राष्ट्रीय स्तर पर पारस्परिक भ्रातृत्व संवाद के लिये मार्ग प्रशस्त किया है तथा सम्प्रदायवाद एवं प्रान्तवाद से ऊपर उठकर राष्ट्रीय प्रज्ञा के संग्रहण और संवर्धन के स्वर्णिम अवसर जुटाए हैं। ये ही कारण हैं कि धर्मवादी और अर्थवादी, जड़वादी तथा चेतनावादी सभी विचार-परम्पराओं के ऐतिहासिक तट संस्कृत-साहित्य में निर्मित हुए हैं। किन्तु आज हम किन्हीं राजनीतिक और आर्थिक संकीर्णताओं से अभिशप्त होकर पश्चिमी ज्ञान-विज्ञान की ओर लालायित हैं तथा संस्कृत-साहित्य के अध्ययन की ओर हमने उपेक्षा की दृष्टि अपना ली है।

ज्ञान-विज्ञान के सवंर्धन का चाहे राष्ट्रीय सन्दर्भ हो या फिर अन्तर्राष्ट्रीय, संस्कृत विद्या के अक्षर भण्डार का अपलाप नहीं किया जा सकता है। भारतीय तत्त्व-चिन्तकों ने ही सर्वप्रथम सत्यानुसन्धान की वैज्ञानिक प्रक्रिया का आविष्कार करते हुए यह उद्घाटित किया है कि **''हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्''** (ईशोपनिषद् 18) अर्थात् भौतिकवादी चमक-दमक से सत्य को ढाँप दिया जाता है। इसलिए सत्यानुसन्धान के शोधार्थी के लिए यह आवश्यक है कि वह **'वादे वादे जायते तत्त्वबोधः'** की मार्ग-सरणी का पथिक बनकर आधुनिक मानव के लिए तुलनात्मक ज्ञान-विज्ञान का द्वार

खोले, परन्तु इस मार्ग में उसे सर्वप्रथम प्राचीन भारतीय वाङ्मय के रम्य तपोवनों से गुजरना होगा और उसके बाद ही वह आधुनिक विश्वविद्यालयीय ज्ञान-विज्ञान का वास्तविक मूल्यांकन कर सकता है। आधुनिक मानव के लिए संस्कृत विद्या की अनिवार्यता इसलिए भी रेखांकित हो जाती है, ताकि वह आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के मूल स्रोतों को पकड़ सके और यह जान सके कि आधुनिक ज्ञान-विज्ञान कितना प्रगतिशील है। विदेशों में इस अमूल्य ज्ञान-सम्पदा का व्यापक स्तर पर दोहन-कार्य पिछली तीन सदियों में निरन्तर प्रगति पर है, किन्तु भारतवर्ष में इस दिशा में गम्भीरता से सोचना प्रारम्भ नहीं हुआ। जिसके फलस्वरूप सम्बन्धित विचारकों द्वारा भारतीय विद्या और उसके प्राचीन ज्ञान-विज्ञान को या तो साम्प्रदायिकता का नाम देकर हतोत्साहित कर दिया जाता है या फिर उसे एक निम्नस्तरीय ज्ञान-विज्ञान मानकर अवमानित किया जाता है इस मानसिकता का एक मुख्य कारण है राष्ट्रीय अस्मिता के प्रति उदासीनता तथा पाश्चात्य ज्ञान-विज्ञान को उत्कृष्ट मानने का पूर्वाग्रह। ब्रिटेन, रूस, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी आदि देशों में संस्कृत-विद्या के अध्ययन को जो प्रोत्साहन दिया जा रहा है उसका मुख्य कारण यह है कि वहाँ के बुद्धिजीवियों ने संस्कृत की प्रासंगिकता को आधुनिक सन्दर्भ में भी चरितार्थ किया है। उदाहरण के लिए अमेरिका के वैज्ञानिकों ने **ब्लूमफील्ड** की इस मान्यता को सत्य सिद्ध किया है कि **'पाणिनि की अष्टाध्यायी की सहायता से अमेरिकन वैज्ञानिक कम्प्यूटर प्रणाली का आविष्कार करने में सफल हुए हैं।'** सोवियत विद्वान् **गोरबोवस्की** महाभारत में ब्रह्मास्त्र-प्रयोग के अवतरणों से प्राचीन भारत में 'एटमबम' के अस्तित्व होने की सम्भावनाओं का पता लगा रहे हैं। संस्कृत-विद्याओं के वैज्ञानिक महत्त्व के कारण इंग्लैण्ड, अमेरिका आदि में वैदिक गणित को शिक्षा के पाठ्यक्रम का अंग ही बना दिया गया है। लन्दन में 10+2 प्रणाली के अन्तर्गत गणित के आधुनिक फार्मूलों को समझने के लिए प्राचीन भारतीय गणित शास्त्र को एक उपयोगी प्रणाली के रूप में मान्यता मिल चुकी है। संस्कृत अध्ययन से जुड़ी इन अन्तर्राष्ट्रीय उपलब्धियों से यह भली-भाँति सिद्ध हो जाता है कि आज भारत में संस्कृत को महत्त्व देना कितना आवश्यक है।

18वीं शताब्दी आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के ध्रुवीकरण की एक महत्त्वपूर्ण शताब्दी रही है इसी शताब्दी में 'सर विलियम जोन्स- V' ने 'संस्कृत की खोज' (डिस्कवरी ऑफ संस्कृत) के साथ प्राच्य विद्या अनुसंधान की आधारशिला रखी। 'संस्कृत की खोज' से पाश्चात्य विद्वान् एक 'भारोपीय भाषा परिवार' की नवीन अवधारणा का भी आविष्कार करने में सफल हुए, जिसका अर्थ है विश्व की सभी भाषाओं में संस्कृत-भाषा का अवेस्ता, ग्रीक, लैटिन आदि भाषाओं के साथ तुलनात्मक अध्ययन। भाषा

साथ तुलनात्मक अध्ययन। भाषा वैज्ञानिक-विषय प्रकाश में आए तो दूसरी ओर तुलनात्मक धर्म विज्ञान के माध्यम से 'विश्व संस्कृति' के इतिहास को जानने के लिए संस्कृत-भाषा की महत्ता उभर कर आयी। यूरोपीय सभ्यताएँ वैदिक आर्यों के साथ अपने सांस्कृतिक सम्बन्धों को जोड़ने की होड़ में लग गयीं। नि:सन्देह संस्कृत के कारण **'वसुधैव कुटुम्बकम्'** की आधुनिक व्याख्या सम्भव है तथा भारत को अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान भी प्राप्त होता है।

सत्य तो यह है कि वैदिक काल से संस्कृत भाषा भारतवर्ष की राष्ट्रीय भाषा होने के कारण 'भारत भारती' के रूप में व्यवहृत होती थी। वैदिक ऋषियों ने संस्कृत-भाषा के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ लोक-भाषाओं के अभ्युदय की कामना भी की है और भारतवर्ष के संविधान में अपनाये गये **'सर्वभाषा उन्नति'** के सिद्धान्त को स्वर प्रदान करते हुए कहा- **'आ भारती भारतीभि: सजोषा'** (ऋग्वेद 7.2.8)।

पिछली अनेक अन्धकार युगीन शताब्दियों में जब भारत अपनी राजनीति कमजोरियों के कारण राज्यों में विभक्त हो गया था, उस समय भी संस्कृत को 'कार्य-व्यवहार' और 'राजभाषा' का दर्जा प्राप्त था। वास्तविकता तो यही है कि भले ही हम अपने क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थों के कारण 'प्रान्तवाद' और 'क्षेत्रीयवाद' के गणित को अपनाते आए हैं, परन्तु जब भी जन-जीवन के 'राष्ट्रीय-चेतना' और 'अखण्ड भारत' की भावना आई है, उसका उदाहरण संस्कृत-भाषा और संस्कृत-साहित्य ही रहा है।

सामान्यतया यह भ्रान्त धारणा प्रचलित है कि मुस्लमान शासकों के राज्यकाल में संस्कृत भाषा और साहित्य हतोत्साहित हुआ। प्रसिद्ध इतिहासकार श्री रमेशचन्द्र मजूमदार ने इस मिथ्या धारणा का खण्डन करते हुए कहा कि 'मुसलमान शासक संस्कृत-प्रेमी थे और उनके शासन काल में संस्कृत को प्रश्रय तथा प्रोत्साहन मिला।' क्षेमेन्द्रकृत 'लोकप्रकाश' नामक ग्रन्थ में वर्णित है कि मुस्लिम शासन के प्रारम्भ होने के बाद भी दीर्घकाल तक कश्मीर में संस्कृत राजकीय व्यवहार, न्यायालयों और शासकीय आदेशों की भाषा रही थी। इस ग्रन्थ में दैनिक शासन की लिखा-पढ़ी, प्रतिवेदन, प्रलेख आदि के जो नमूने दिये गए हैं, वे संस्कृतनिष्ठ ही हैं। **'लेखपद्धति'** नामक ग्रन्थ से यह भी ज्ञात होता है कि गुजरात के सुल्तान बहुत समय तक राजभाषा के रूप में संस्कृत का ही व्यवहार करते आये थे। कश्मीर के इतिहास में जैनुल आबदीन (1420-70 ई.) संस्कृत-साहित्य और भारतीय विद्याओं का अनन्य प्रेमी था। भारतवर्ष में अनेक ऐसी मुस्लिम कब्रें भी मिली हैं जिन पर शिलालेख संस्कृत भाषा में उत्कीर्ण हुए हैं। अब्दुल रहमान नामक प्रसिद्ध साहित्यकार संस्कृत, प्राकृत तथा अपभ्रंश का मर्मज्ञ विद्वान था। अकबर के राज्यकाल में संस्कृत भाषा और उसके विद्वानों को विशेष समादर मिला था। अबुल फज़ल के भाई फौजी संस्कृत के बहुत अच्छे

विद्वान् थे। उन्होंने हिन्दी तथा संस्कृत की सम्मिश्रित भाषा में रहीम काव्य की रचना की तथा **'खेट कौतुकम्'** नामक एक ज्योतिष ग्रन्थ का भी निर्माण किया। शाहजहाँ के समय में भी संस्कृत को राजकीय सम्मान प्राप्त था, राजकुमार दाराशिकोह संस्कृत का पारंगत विद्वान् था, जिसकी प्रेरणा से उपनिषदों, भवगद्गीता, योगा-वाशिष्ठ आदि का फारसी में अनुवाद भी करवाया गया। मुस्लिम राजपरिवार की महिलाएँ भी संस्कृत-काव्य के प्रति मुग्ध थीं। शाहजहाँ की बेगम रूपराशि बंशीधर मिश्र की संस्कृत-रचनाओं से अत्यन्त प्रभावित थी। इन सभी तथ्यों से स्पष्ट है कि संस्कृत-भाषा की माधुरी और उसके तत्त्वावगाहन की प्रवृत्ति ने मुस्लिम शासन को भी मन्त्र-मुग्ध कर लिया था तथा मुस्लिम शासकों, साहित्यकारों तथा बुद्धिजीवियों ने इसके संवर्धन और विकास के लिए अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

इस प्रकार संस्कृत, भूत, भविष्य और वर्तमान भारत के लोकमानस की भव्य अभिव्यक्ति उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम का अखण्ड भारत प्रतिबिम्बित है; विभिन्न धार्मिक और वैचारिक के स्वर गुंजायमान हैं; राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक संस्कृत भाषा के साहित्यिक कलेवर में मानवी के उत्कृष्ट ज्ञान-विज्ञान की लहरें हिलोरे मार रही हैं।

आज भारतवर्ष में जो पाश्चात्य सभ्यता और विचारों का पोषण एवं पल्लवन किया है, उसका मूल भारतवर्ष के प्राचीन ऋषियों और तत्त्वचिन्तकों के ज्ञान-विज्ञान में निहित चाहे लोकतन्त्र की हो या धर्मनिरपेक्षता की, स्वतंत्रता के अर्थ को समझना हो या फिर शान्ति विश्व-बधुत्व के अभिप्राय को, संस्कृत-साहित्य के निर्मल कलेवर में इसका वास्तविक अर्थ दिया गया है। गणित शास्त्र, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल, ज्योतिषशास्त्र, दर्शनशास्त्र, साहित्य, संगीत आदि ज्ञान की महनीय परम्पराएं भारतवर्ष की अमूल्य निधियाँ हैं और ये सभी निधियाँ संस्कृत के पिटारे में हैं। आज अंग्रेजी शिक्षा-व्यवस्था के परिणाम स्वरूप हम भारतीय विज्ञान से प्रतिदिन जो विमुख जा रहे हैं, उसके प्रचार-प्रसार की ओर हम फिर से लौटें। हमें नालन्दा और तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालयों की भाँति विश्वस्तर पर शिक्षा-जगत् को ऊँचा उठाना है। मानव की मौलिक समस्या के विषय में भारतीय तत्त्वज्ञानियों ने जो अपने अनुभवपरक वैज्ञानिक सत्यों का रहस्योद्घाटन किया है, विश्व के बुद्धिजीवियों तक उन्हें पहुँचाना है। यह तभी सम्भव हो सकता है, जब राष्ट्रीय स्तर पर संस्कृत को प्रोत्साहन दिया जाए। राष्ट्रीय उन्नति के लिए सांस्कृतिक उन्नति आवश्यक है और संस्कृति का प्रसार संस्कृत से ही सम्भव है।

यथैव चन्द्रिका चन्द्रे राजते नित्यसङ्गता।
संसिक्ता संस्कृते तद्वद् भारतस्यास्ति संस्कृतिः॥

दिल्ली संस्कृत अकादमी की स्थापना

संस्कृत भाषा के महत्त्व को दृष्टि में रखते हुए तथा राष्ट्र की संस्कृति, सभ्यता, भाषा एवं साहित्य के संरक्षण और विकास के प्रति अपने दायित्व को समझते हुए देश व राज्य की सरकारें राष्ट्रीय अखण्डता व भाषायी एकता की प्रतीक संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार के लिए अधिकाधिक प्रयत्नशील हैं।

इसी उद्देश्य से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान व अन्य राज्यों में संस्कृत अकादमियाँ कार्य कर रहीं हैं। संघ राज्य दिल्ली में भी हिन्दी, उर्दू तथा पंजाबी अकादमियों की तरह वर्ष 1987 में दिल्ली संस्कृत अकादमी की स्थापना की गई थी। इस सम्बन्ध में दिल्ली के महामहिम उपराज्यपाल महोदय द्वारा दिनांक 30.3.1987 को अधिसूचना जारी की गई और इस अकादमी को सोसायटी पंजीकरण एक्ट 1860 के अन्तर्गत पंजीकरण संख्या एस-17783, दिनांक 17.5.1987 से पंजीकृत कराया गया।

अकादमी के लिए सहायता पद्धति भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के पत्र संख्या एफ. 5(17)88 यू.टी.आई. दिनांक 30.3.88 एवं 5.9.88 से अनुमोदित हुई।

स्थापना के अनन्तर 'दिल्ली संस्कृत अकादमी' संस्कृत के प्रचार-प्रसार के लिए निरन्तर गतिशील है।

दिल्ली संस्कृत अकादमी के उद्देश्य

1. संस्कृत भाषा एवं उसके साहित्य के उत्थान, प्रचार-प्रसार हेतु वर्तमान एवं भविष्य के लिए अकादमी अनुदान प्राप्त करेगी। संस्कृत-पुस्तकों का प्रकाशन तथा ऐसी मूल कृतियों का प्रकाशन, जो अब तक प्रकाशित न हुए हों, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संदर्भ-कोष, ज्ञान-कोष आदि कोष-ग्रन्थों की प्रारम्भिक शब्दावली, संस्कृत से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के ग्रन्थों का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद करने के लिए प्रोत्साहन देने हेतु अकादमी अपने स्तर पर उक्त कार्यक्रमों की व्यवस्था करेगी।

2. अकादमी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर संस्कृत-सम्मेलन, संगोष्ठी, परिसंवाद, नृत्य, नाटक, काव्य-गोष्ठी, संस्कृत से सम्बन्धित प्रदर्शनी, प्रतियोगिताएँ, संस्कृत से सम्बन्धित समस्याओं के सम्बन्ध में वाद-विवाद, गोष्ठी, विभिन्न भाषाओं के तुलनात्मक अध्ययन एवं संस्कृत से सम्बन्धित ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक यात्राओं आदि विभिन्न प्रकार से संस्कृत सम्बन्धी कार्यक्रमों की व्यवस्था करेगी। इस सम्बन्ध में भारत सरकार के द्वारा समय-समय पर संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु जारी किये गये आदेशों के कार्यान्वयन की व्यवस्था करेगी।

3. साहित्यकारों को उनकी अद्‌भुत साहित्यिक रचनाओं तथा संस्कृत के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्यों के लिए मान्यता प्रदान करना एवं पुरस्कृत करना आदि अन्य आर्थिक सहयोग प्रदान करने की व्यवस्था करेगी। संस्कृत के कवियों, लेखकों की अप्रकाशित उपयोगी कृतियों की प्रकाशन-व्यवस्था करेगी।

4. संस्कृत के विद्वानों को उच्च शिक्षा एवं शोध के लिए प्रोत्साहन देगी।

5. दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में संस्कृत-केन्द्रों की स्थापना करेगी तथा उन केन्द्रों के लिए पाठ्य-पुस्तकों को तैयार करेगी तथा केन्द्रों में अध्ययनरत छात्रों को प्रोत्साहन देगी।

6. संस्कृत-पाठशालाओं के उत्थान के लिए प्रोत्साहन देगी तथा आवश्यकता पड़ने पर उनके लिए पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकों, परीक्षाओं इत्यादि की व्यवस्था के लिए प्रोत्साहन देगी।

कार्यक्रम / गतिविधियाँ

दिल्ली संस्कृत अकादमी दिल्ली सरकार की एक स्वायत्तशासी संस्था है। अकादमी द्वारा संस्कृत के प्रचार–प्रसार हेतु प्रतिवर्ष निम्नलिखित कार्य किए जाते हैं, जो अकादमी की कार्य–समिति द्वारा समय–समय पर निर्धारित नीति के अनुसार सम्पन्न कराए जाते हैं, तथा अनुदान राशि की उपलब्धता पर निर्भर करते हैं।

सम्मान

क्र.सं.	सम्मानों के नाम	पुरस्कार राशि
1.	संस्कृत साहित्य एवं संस्कृत साहित्य–सृजन के क्षेत्र में जीवनकाल में समग्र और अप्रतिम साहित्यिक योगदान के निमित्त **महर्षिवेदव्यास–सम्मानः**	**1,50,000 / –**
2.	संस्कृति के क्षेत्र में (संस्कृत शिक्षा, संस्कृत पत्रकारिता, भाषा, आलोचना आदि में) जीवनकाल में सम्पूर्ण सांस्कृतिक अवदान के निमित्त सम्मान **महर्षिवाल्मीकि–सम्मानः**	**1,50,000 / –**
3.	कथा साहित्य / व्याकरण / दर्शन के क्षेत्र में अवदान के निमित्त सम्मान– **बाणभट्ट सम्मानः / पाणिनि सम्मानः / शंकरसम्मानः**	**50,000 / –**
4.	काव्य रचना / वेद / ज्योतिष / आयुर्वेद के क्षेत्र में विशिष्ट अवदान के निमित्त सम्मान **पण्डितराजजगन्नाथसम्मानः / सायणसम्मानः / भास्कराचार्यसम्मानः / धन्वन्तरिसम्मानः**	**50,000 / –**
5.	बाल साहित्य (संस्कृत–अध्यापन आदि) के क्षेत्र में विशिष्ट अवदान के निमित्त सम्मान **पं॰ विष्णुशर्मा–सम्मानः**	**50,000 / –**

वर्ष 2009–2010 से प्रारम्भ किए गये ये सम्मान प्रविष्टियाँ आमन्त्रित करने के पश्चात् अकादमी की समिति के द्वारा प्रविष्टियों के मूल्यांकन के पश्चात् चयनित विद्वानों को दिये जाते हैं, जिसमें उपर्युक्त राशि के अतिरिक्त मंगल कलश, शाल, अंगवस्त्र, प्रशस्ति–पत्र एवं प्रतीक चिह्न आदि द्वारा एक भव्य समारोह का आयोजन कर विद्वानों को सम्मानित किया जाता है।

विद्यालीय / महाविद्यालीय–संस्कृत–सेवा सम्मान

इस योजना के अन्तर्गत दिल्ली स्थित विद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्कृत–महाविद्यालयों / विद्यालयों के संस्कृत शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को अकादमी द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद् की परीक्षाओं संस्कृत विषय में कक्षा 10वीं एवं 12वीं अथवा 10वीं एवं 12वीं में सभी पढ़ाये गये छात्र / छात्राओं का 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम होने पर प्रति वर्ष सम्मानित किया जाता है। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम तथा छात्र–संख्या के आधार पर विद्यालयों / महाविद्यालयों एवं संस्कृत–विद्यालयों / महाविद्यालयों को भी सम्मानित किया जाता है। पुरस्कार स्वरूप प्रशस्तिपत्र, संस्कृत–साहित्य, अंग–वस्त्र, तथा शाल आदि देकर एक भव्य समारोह में सम्मानित किया जाता है। इसके लिए अकादमी द्वारा प्रत्येक विद्यालय / महाविद्यालय / संस्कृत–विद्यालय / संस्कृत–महाविद्यालयों को पत्र एवं प्रपत्र भेजे जाते हैं तथा विभिन्न समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कर सूचित किया जाता है।

संस्कृत समाराधक सम्मान

इस योजना के अन्तर्गत दिल्ली स्थित विद्यालयों के संस्कृत एवं संगीत शिक्षक / शिक्षिकाओं को शिक्षा निदेशालय के 13 मण्डलों में आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्र / छात्राओं को तैयार करने हेतु सम्मानित किया जाता है तथा इसके लिए अकादमी द्वारा प्रत्येक विद्यालय को पत्र द्वारा सूचित किया जाता है तथा विभिन्न समाचार पत्रों में भी विज्ञापन देकर सूचित किया जाता है। जिन विद्यालयों ने मण्डलीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेकर प्रथम से प्रोत्साहन तक स्थान प्राप्त किया है, उन विद्यालयों के जिन शिक्षकों ने प्रतियोगिताओं के लिए छात्र / छात्राओं को तैयार किया हो उन्हें पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र, अंग–वस्त्र एवं संस्कृत–साहित्य आदि देकर एक भव्य समारोह में सम्मानित किया जाता है।

सम्मेलन

- अखिल भारतीय / अन्ताराष्ट्रिय संस्कृत सम्मेलन **एक**
- अखिल भारतीय संस्कृत कवि सम्मेलन **दो**

- अखिल भारतीय ज्योतिष सम्मेलन **एक**
- अखिल भारतीय आयुर्वेद सम्मेलन **एक**
- अखिल भारतीय संस्कृत पत्रकार सम्मेलन **एक**
- अखिल भारतीय संस्कृत छात्र सम्मेलन **एक**
- अखिल भारतीय संस्कृत विदुषी सम्मेलन **एक**

ये सम्मेलन समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर अथवा विद्वानों से पत्राचार करके उपयुक्त एवं प्रतिष्ठित विद्वानों को आमन्त्रित करके आयोजित किए जाते हैं।

संस्कृत–परिचर्चा–संगोष्ठी

संस्कृत के प्रचार–प्रसार हेतु विद्वानों के विचार जानने के लिए संस्कृत साहित्य पर आधारित अनेक विषयों पर जैसे प्राचीन काल में युद्ध–विद्या, संस्कृत–वाङ्मय को मुस्लिम विद्वानों का योगदान, पंजाबी भाषा पर संस्कृत का प्रभाव, प्राचीन भारत के अन्ताराष्ट्रिय सम्बन्ध इत्यादि पर संगोष्ठी और परिचर्चा आयोजित की जाती हैं।

संस्कृत–कवियों, लेखकों से साक्षात्कार

संस्कृत भाषा के कवियों/लेखकों के साक्षात्कार आयोजित करके उन्हीं के मुख से काव्यरचना इत्यादि के लिए मिली प्रेरणा तथा उनके जीवन के अनुभवों से जन–सामान्य को परिचित कराया जाता है।

दिल्ली के संस्कृत–विद्वानों की समाराधना

यह कार्यक्रम दिल्ली के प्रतिष्ठित संस्कृत–विद्वानों की साहित्यिक कृतियों और संस्कृत के प्रचार–प्रसार के लिए उनके योगदान पर आधारित होता है, जिसमें सम्बन्धित विद्वान्/विदुषी की समस्त कृतियों पर परिचर्चा आयोजित की जाती है।

संस्कृत प्रतिभा पुरस्कार (छात्रों के लिए)

इस योजना के अन्तर्गत सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं संस्कृत विद्यालयों को पत्र द्वारा तथा समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कर 10वीं, 12वीं, बी० ए०, एम० ए०, प्रथमा, पूर्व मध्यमा, उत्तर मध्यमा, शास्त्री तथा आचार्य में उत्कृष्ट परिणाम वाले संस्कृत–छात्रों के नाम मंगाये जाते हैं। उनको प्रशस्ति पत्र, अकादमी द्वारा प्रकाशित साहित्य तथा रु० 500 से रु० 1500 तक की राशि देकर पुरस्कृत किया जाता है।

छात्रवृत्ति

दिल्ली के सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों/संस्कृत–महाविद्यालयों को पत्र भेज कर तथा समाचार पत्रों में विज्ञापन दे कर संस्कृत विषय में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अगली कक्षा में पुनः संस्कृत विषय लेकर पढ़ने वाले छात्र/छात्राओं को कक्षा 9 से एम० ए० तक तथा संस्कृत विद्यालयों में पूर्व मध्यमा प्रथम वर्ष से आचार्य तक के सभी छात्रों को अकादमी समिति के द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार निर्धारित पुरस्कार राशि छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

मण्डलीय संस्कृत प्रतियोगिताएँ एवं पुरस्कार

ये प्रतियोगितायें शिक्षा निदेशालय के सभी 13 मण्डलों में 6 दिनों तक संस्कृत छात्र/छात्राओं के बीच संस्कृत भाषण, एकल तथा सामूहिक श्लोक संगीत, संस्कृत–वाद–विवाद, संस्कृत में कव्वाली एवं संस्कृत श्लोकोच्चारण पर आधारित होती हैं। प्रत्येक मण्डल के प्रथम एवं द्वितीय स्थान पाने वाले दलों के बीच एक केन्द्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसके आधार पर पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं। इससे बच्चों में नेतृत्व, मंच पर संस्कृत में अपनी भावना व्यक्त करने जैसे संस्कारों का समावेश होता है। इसी प्रकार विश्वविद्यालय स्तर पर भी संस्कृत–नाट्य, भाषण, वाद–विवाद, श्लोकसंगीत तथा काव्यालि–प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है तथा पुरस्कार वितरित किये जाते हैं।

संस्कृत प्रश्न–मंच प्रतियोगिता

यह प्रतियोगिता सामान्य महाविद्यालयों एवं परम्परागत संस्कृत–विद्यालयों के छात्र–छात्राओं के लिए आयोजित की जाती है, जिसमें छात्र/छात्राओं से वेद एवं उपनिषद्, दर्शनशास्त्र, व्याकरण, धर्मशास्त्र, ज्योतिष, वैदिक गणित, आयुर्वेद आदि विषयों पर प्रश्न पूछे जाते हैं तथा उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्रों को अकादमी द्वारा पुरस्कृत किया जाता है।

व्याकरणसूत्र–अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता का आयोजन परम्परागत संस्कृत विद्यालयों/महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं के लिए होता है। उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्र/छात्राओं को अकादमी समिति द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कृत किया जाता है।

संस्कृत–भाषण प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता का आयोजन सामान्य महाविद्यालय एवं परम्परागत संस्कृत–विद्यालयों के छात्र/छात्राओं के लिए करवाया जाता है। उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्र/छात्राओं को अकादमी समिति द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कृत किया जाता है।

संस्कृत–नाट्य–एवं एकांकी नाटक प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत सामान्य महाविद्यालयों, परम्परागत संस्कृत–विद्यालयों /महाविद्यालयों एवं शिक्षा निदेशालय के विद्यालयों के छात्र/छात्राओं द्वारा अलग–अलग नाट्य–मंचन दिल्ली के सभागारों में किये जाते हैं। भाग लेने वाले छात्र/छात्राओं को अकादमी समिति द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कृत किया जाता है।

श्लोक–अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत परम्परागत संस्कृत विद्यालयों के छात्र/छात्राएँ भाग लेते हैं। उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्र/छात्राओं को अकादमी समिति द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कृत किया जाता है।

सद्यः निबन्ध लेखन प्रतियोगिता

इस प्रतियोगता का आयोजन सामान्य महाविद्यालयों एवं परम्परागत संस्कृत विद्यालयों के छात्र/छात्राओं के लिए किया जाता है जिसमें निबन्ध लिखने का विषय प्रतियोगिता स्थल पर ही प्रदान किये जाते हैं। जिन पर प्रतिभागियों को निबन्ध लिखना होता है।

संस्कृत लघु–चलचित्र–निर्माण प्रतियोगिता

इस प्रतियोगता का आयोजन दिल्ली स्थित संस्कृत/सामान्य महाविद्यालय में किया जाता है। जिसमें शास्त्री/आचार्य/स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के छात्र/छात्राएं भाग लेते हैं। इस प्रतियेागिता में प्रतिभागी चलचित्रों के विषय चयन के लिए स्वतन्त्र होते हैं, परन्तु चलचित्र अमर्यादित अश्लील एवं राष्ट्रविरोधी नहीं होने चाहिए तथा चलचित्रों को मोबाइल या अन्य रिकार्डिंग यन्त्रों के माध्यम से बनाया जाता है तथा प्रतियोगिता स्थल पर इनको प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया जाता है।

चित्राधारित श्लोक–रचना प्रतियोगिता

इस प्रतियोगता में प्रतिभागियों को प्रतियोगिता स्थल पर ही चित्र आवंटित किये जाते हैं, जिनको देखकर श्लोकों की रचना करनी होती है, श्लोकों की संख्या कम से कम 6 होनी आवश्यक होती है, श्लोक रचना के लिए छन्द चयन हेतु प्रतिभागी स्वतन्त्र होता है।

प्राचीनकाव्यों पर आधारित प्रतियोगिता

यह प्रतियोगिता स्नातक/स्नात्ताकोत्तर/शास्त्री/आचार्य स्तर के छात्र/छात्राओं के लिए की जाती है। इस प्रतियोगिता में महाकवि कलिदास, पण्डितराज जगन्नाथ, भतृहरि, भवभूति, भारवि, भास, श्रीहर्ष, वाल्मीकि और जयदेव आदि की रचनाओं पर आधारित–काव्यों का काव्यपाठ किया जाता है, जिसमें अनुष्टुप छन्द के सात श्लोक और अन्य छन्दों के पांच श्लोक छात्र/छात्रा को प्रस्तुत करने होते हैं।

संस्कृत वार्ता–अनुवाद प्रतियोगिता

संस्कृत वार्ता प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली स्थित सामान्य महाविद्यालय/संस्कृत महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के लिए किया जाता है। जिसमें प्रतिभागी को प्रतियोगिता स्थल पर निर्धारित विषय पर संस्कृत में तीन मिनट की वार्ता प्रस्तुत करनी होती है, जिसके लिए 30 मिनट पूर्व वार्ता की विषयवस्तु हिन्दी भाषा में प्रदान की जाती है जिसको प्रतिभागी द्वारा प्रतियोगिता स्थल पर संस्कृत में अनुवाद करके वार्ता प्रस्तुत करनी होती है।

संस्कृत–वाद–विवाद प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता का आयोजन सामान्य महाविद्यालयों परम्परागत एवं संस्कृत विद्यालयों के छात्र/छात्राओं के लिए करवाया जाता है। उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्र/छात्राओं को अकादमी समिति द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कृत किया जाता है।

वेद–मंत्र–अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता का आयोजन सामान्य महाविद्यालयों एवं परम्परागत संस्कृत विद्यालयों के छात्र/छात्राओं के लिए करवाया जाता है। उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्र/छात्राओं को अकादमी समिति द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कृत किया जाता है।

एकल श्लोक–संगीत–प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता का आयोजन सामान्य महाविद्यालय एवं परम्परागत संस्कृत विद्यालयों के छात्र/छात्राओं के लिए करवाया जाता है। उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्र/छात्राओं को अकादमी समिति द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कृत किया जाता है।

अखिल भारतीय नवोदित संस्कृत–कवि–प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता का आयोजन समाचार–पत्रों में विज्ञापन देकर किया जाता है तथा उत्कृष्ट कविता–पाठ के लिए नवोदित संस्कृत–कवियों को अकादमी समिति द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं।

संस्कृत–नाट्य–समारोह

इस समारोह के लिए कॉमर्शियल कलाकारों द्वारा संस्कृत में प्रसिद्ध प्राचीन एवं नवीन विषयों पर आधारित नाटकों का मंचन किया जाता है। जैसे षोडश संस्कार, मृच्छकटिकम्, मेघदूतम् इत्यादि।

अखिल भारतीय संस्कृत शोध–निबन्ध–लेखन–प्रतियोगिता

समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर पूरे भारत वर्ष से संस्कृत लेखकों से दिये गये निर्धारित विषय पर 250 पृष्ठों के शोध–लेख आमन्त्रित किए जाते हैं। विद्वानों से उनका मूल्यांकन कराकर उत्कृष्ट शोध–लेखों के लिए शोध–कर्ता विद्वानों को अकादमी समिति द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कार दिये जाते हैं।

अखिल भारतीय–मौलिक–लघुनाटक–लेखन–प्रतियोगिता

समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर पूरे भारत वर्ष से संस्कृत लेखकों से मौलिक लघुनाटक आमन्त्रित किये जाते हैं। उनका मूल्यांकन कराकर उत्कृष्ट कोटि की कृतियों के लिए रचनाकारों अकादमी समिति के द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कार दिए जाते हैं।

अखिल भारतीय लघुकथा–लेखन–प्रतियोगिता

समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर पूरे भारत वर्ष के विद्वानों से संस्कृत– लघुकथाएँ आमन्त्रित की जाती हैं। उनका मूल्यांकन करवाकर उत्कृष्ट कोटि की लघुकथाओं के लिए विद्वानों को समिति द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कार दिये जाते हैं।

अखिल भारतीय श्लोकसमस्यापूर्ति–प्रतियोगिता

समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर पूरे भारत वर्ष के विद्वानों से श्लोक आमन्त्रित किये जाते हैं, उनका मूल्यांकन करवाकर उत्कृष्ट कोटि की रचनाओं के लिए विद्वानों को अकादमी समिति द्वारा निर्धारित नीति के पुरस्कार दिये जाते हैं।

संस्कृत चलचित्र–अनुवाद प्रतियोगिता

महाविद्यालय स्तर पर आयोजित होनी वाली इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र/छात्राओं द्वारा भारतीय चल–चित्रों के हिन्दी गीतों का संस्कृत अनुवाद किया जाता है।

संस्कृत एकल श्लोक गायन प्रतियोगिता

अकादमी 18 से 45 तक आयु वर्ग के संस्कृत प्रेमियों, छात्रों, शिक्षकों, विद्वानों के लिए संस्कृत एकल श्लोक गायन प्रतियोगिता का आयोजन करती है, जिसमें अकादमी द्वारा निर्धारित छन्द में प्रतिभागियों द्वारा चयनित श्लोकों का गायन करना होता है। पुरस्कृत प्रतिभागियों को निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है।

अखिल भारतीय सद्यः पद्य–रचना प्रतियोगिता

अकादमी अखिल भारतीय स्तर पर संस्कृत–कवियों एवं कवयित्रियों के लिए अखिल भारतीय सद्यः पद्य–रचना प्रतियोगिता का आयोजन करती है, जिसमें अकादमी द्वारा निर्धारित स्थान पर तीन घण्टे की समयावधि में अकादमी द्वारा दिये गये विषय पर पद्य–रचना करके प्रस्तुतीकरण के आधार पर कवि–कवयित्रियों को पुरस्कृत किया जाता है तथा उत्कृष्टता के क्रम से अकादमी नीति के अनुसार पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है।

अध्ययन केन्द्र

अकादमी द्वारा समाचार–पत्रों में विज्ञापन देकर निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के लिए नाम आमन्त्रित करके नाममात्र का प्रवेश शुल्क लेकर अध्ययन की व्यवस्था की जाती है।

व्यावहारिक संस्कृत अध्ययन केन्द्र

अकादमी द्वारा वर्ष 2017–18 से दिल्ली में 70 से अधिक केन्द्रों पर व्यावहारिक संस्कृत अध्ययन केन्द्र चलाये जाने की योजना के अन्तर्गत अनेक केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं, इन अध्ययन केन्द्रों में दिल्ली के प्रत्येक उम्र के जिज्ञासुओं के लिए व्यावहारिक जीवन में प्रयोग होने वाले संस्कृत के श्लोक, मन्त्र तथा सूक्तियों के बारे में जानकारी एवं प्रतिदिन उपयोग होने वाले संस्कृत शब्दों की जानकारी तथा उनके अर्थ बताकर अध्ययन की व्यवस्था की जाती है।

अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा–संस्कृत–शिक्षण–केन्द्र

यह प्रशिक्षण उन छात्रों को दिया जाता है जो संस्कृत विषय लेकर आई० ए० एस० की परीक्षा उत्तीर्ण करना चाहते हैं।

जे.आर.एफ/नेट/एम.फिल परीक्षा संस्कृत–शिक्षण–केन्द्र

यह प्रशिक्षण उन छात्रों को दिया जाता है जो संस्कृत विषय से जे.आर.एफ./नेट/एम.फिल की परीक्षाओं में भाग लेते हैं ऐसे विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी करवायी जाती है।

ज्योतिष, कर्मकाण्ड तथा वेदों का पारम्परिक–अध्ययन

अकादमी द्वारा ज्योतिष–कर्मकाण्ड तथा वेदों के पारम्परिक अध्ययन हेतु दिल्ली के संस्कृत विद्यालयों व महाविद्यालयों में आवश्यकता को देखते हुए पारम्परिक आचार्य की व्यवस्था की जाती है।

संस्कृत शिक्षण कार्यशाला

संस्कृत शिक्षण को आधुनिक स्वरूप के अनुसार संस्कृत शिक्षकों को संस्कृत विषय के शिक्षण हेतु नई–नई प्रविधियों का ज्ञान देने के लिए अकादमी दिल्ली में संस्कृत शिक्षकों एवं संस्कृत छात्र शिक्षकों के लिए समय–समय पर कार्यशालाओं का आयोजन करती है।

संस्कृत नुक्कड़ नाटक समारोह

दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में अकादमी द्वारा संस्कृत विद्यालयों के छात्रों के माध्यम से संस्कृत–नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जाता है और छात्रों को पुरस्कृत किया जाता है।

संस्कृत–संगीत –संध्या का आयोजन (सांस्कृतिक कार्यक्रम)

दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में जन–सामान्य में संस्कृत के प्रति रुचि जागृत करने के लिए अकादमी द्वारा संस्कृत संगीत संध्याओं का आयोजन कराया जाता है। जिसके अन्तर्गत संगीत के उत्कृष्ट कलाकरों द्वारा संस्कृत के गीत व संस्कृत की उत्कृष्ट रचनाओं का गायन अथवा संस्कृत से सम्बद्ध (अन्य भाषायी रचनाओं तथा लोक–गीतों का गायन किया जाता है। प्रस्तुति हेतु दिल्ली अथवा राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को आमन्त्रित किया जाता है।

फ्यूजन म्यूजिक

संस्कृत के प्रति रुचि जागृत करने के लिए अकादमी द्वारा आधुनिक बैण्ड के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को आमन्त्रित करके फ्यूजन म्यूजिक संगीत का आयोजन किया जाता है।

पाण्डुलिपि प्रकाशन–आर्थिक सहयोग

अकादमी द्वारा मौलिक संस्कृत लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए संस्कृत के कवियों/लेखकों को ग्रन्थ प्रकाशन के लिए आर्थिक सहयोग दिया जाता है जो रु. 5000/– न्यूनतम से लेकर रु. 20,000/– अधिकतम हो सकती है। इसके लिए कुछ राशि पहले तथा कुछ राशि पुस्तक के प्रकाशन के बाद दी जाती है। सहयोग राशि पुस्तक के पृष्ठों पर आधारित होता है।

प्रशासनिक व्यवस्था

अकादमी के संविधान के अनुसार सचिव अकादमी का प्रशासनिक अधिकारी होता है। जो कि अकादमी की कार्यकारी समिति द्वारा निर्दिष्ट योजनाओं का कार्यान्वयन करता है। अकादमी के दायित्वों के संचालन के लिए सचिव द्वारा विभिन्न विभागों की स्थापना की है सूचना के अधिकार को पारदर्शी बनाने के लिए जनसूचना अधिकारी बनाया गया है। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न निवारण समिति का गठन किया गया है तथा जन–लोक शिकायतों का निवारण निरन्तर किया जाता है।

अनुदान

अकादमी को प्रतिवर्ष दिल्ली में संस्कृत भाषा के प्रचार–प्रसार के लिए दिल्ली सरकार द्वारा अनुदान राशि दी जाती है। इस अनुदान राशि का व्यय अकादमी नियमानुसार करती है। जिसका दिल्ली सरकार एवं भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष लेखा परीक्षण होता है।

संस्कृत–पत्रिकाओं को विज्ञापन द्वारा आर्थिक सहयोग

संस्कृत–पत्रिकाओं और संस्कृत समाचार–पत्रों को अकादमी क्रियाकलापों/ उपलब्धियों आदि से सम्बन्धित विज्ञापन देकर आर्थिक सहयोग दिया जाता है।

संस्कृत वाङ्मयोपायन–समारोह

अकादमी द्वारा दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित पारम्परिक संस्कृत विद्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यापीठों, गुरुकुलों के पुस्तकालयों हेतु संस्कृत के शास्त्रों का निःशुल्क वितरण किया जाता है।

संस्कृत शिक्षण योजना

इस योजना के अन्तर्गत दिल्ली सरकार के विभिन्न विद्यालयों में वर्तमान में 43 संस्कृत शिक्षक एवं शिक्षिकाएं कार्यरत हैं जो 6 से लेकर 12वीं कक्षा तक शिक्षण का कार्य करते हैं।

नोटः– कोविड महामारी के कारण अकादमी द्वारा किये जाने वाले नियमित कार्यक्रम दिल्ली डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (DDMA) के दिशा निर्देशों के उपरान्त आयोजित किये जायेगें।

अकादमी संस्कृत की गतिविधियों के लिए समय समय पर वेबिनार के माध्यम से प्रतिमाह नमोनमेष विषय से विभिन्न संस्कृतपरक विषयों पर संस्कृत विद्वानों का व्याख्यान करवाती रहती है।

क्र.सं.	दिनांक	कार्यक्रम	स्थान
1	23.01.2021	गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय संस्कृत कवि सम्मेलन।	झण्डेवालान

कारोना महामारी के कारण वर्ष 2020–21 में अकादमी द्वारा निश्चित किये गये कार्यक्रम नही किये जा सके।

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार

प्लाट नं.-5, झण्डेवालान, करोलबाग, नई दिल्ली 110005

दिनांक 23.01.2021

राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है गणतंत्र दिवस कवि सम्मेलन -विशेष रवि

राष्ट्रीय चेतना का संचार करता है गणतंत्र दिवस कवि सम्मेलन -डॉ0 कान्ता भाटिया

मानवता की पहली शिक्षा संस्कृत ने ही दी । ''संस्कृत भाषा भारत की धरोहर है वर्तमान में भी इस भाषा को आम लोगों तक इसके सही स्वरूप को ले जाने के लिये संस्कृत के अनेक विद्वान प्रयासरत हैं। दिल्ली संस्कृत अकादमी के माध्यम से मैं भी अनेक संस्कृत विषयक कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में निरन्तर भाग लेता रहता हूँ जिससे में संस्कृत के विकास एवं प्रचार प्रसार के लिये निरन्तर कार्य करने में अपनी भागीदारी देता रहता हूँ।

ये विचार दिल्ली संस्कृत अकादमी दिल्ली सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित अखिल भारतीय संस्कृत कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि दिल्ली विधान सभा के सदस्य श्री विशेष रवि ने व्यक्त किये। विशेष रवि ने आगे कहा कि इस वर्ष करोना महामारी के कारण दिल्ली सरकार द्वारा संस्कृत के ही नहीं अन्य अकादिमियों की भी सभी प्रकार की गतिविधियों को फरवरी 2020 से नहीं किया जा रहा था । परन्तु अकादमियों द्वारा प्रति वर्ष गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किये जाने वाले कवि सम्मेलनों के आयोजन के बारे में दिल्ली सरकार ने यह निर्णय लिया कि सरकार द्वारा समय समय पर जारी करोना दिशा निर्देशों का पालन करते हुये इन कवि सम्मेलनों को आयोजित किया जाय । गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व को अवश्य मनाया जाय ।

इस अवसर पर अकादमी के सचिव ने कहा कि '' वन्दे मातरम्'' जैसे उद्घोष से स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी के सग्राम को आगे बढाया। संस्कृत के लिये सरकारें बहुत काम करती हैं। दिल्ली संस्कृत अकादमी दिल्ली में संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिये पूरे वर्ष अनेक कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। इस वर्ष करोना महामारी के कारण के कररण सरकार की पहली प्राथमिकता लोगों का स्वास्थ्य पहले है। इस कारण सामाजिक दूरी लॉक डाउन के चलते अकादमी के कार्यक्रम नहीं हो सके परन्तु गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित किये जाने वाले इस कवि सम्मेलन को करने के लिये कोराना महामारी के लिये जारी दिशा निर्दशों के अनुसार अनुमति दी है जिससे आज ये कार्यक्रम हो सका। इस कवि सम्मेलन में आये सभी कवियों का अकादमी की ओर से स्वागत है।

इस अवसरपर अकादमी की उपाध्यक्षा डॉ0 कान्ता भाटिया ने कहा कि संस्कृत संसार की प्राचीनतम भाषा है होने के साथ साथ आधुनिक विज्ञान की सर्वोत्तम भाषा है । प्राचीन भारतीय मनीषियों का ज्ञान-विज्ञान से सम्बन्धित समस्त चिन्तन, मनन और विश्लेषण संस्कृत भाषा में ही हुआ है। भारत के साहित्यिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, नैतिक, राजनैतिक और ऐतिहासिक जीवन की व्यवस्था भी इसी भाषा में प्राप्त होती है।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये सेण्टस्टीफेन्स महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के आचार्य डॉ0 आशुतोश दयाल माथुर ने कहा कि संस्कृत भाषा में स्थित ज्ञान विज्ञान की अनन्त धाराएँ प्राचीन काल से लेकर आज तक अबाध गति से विश्व में प्रवाहित होती रही हैं। जैसा कि सभी जानते ही हैं कि गणतंत्र दिवस को राष्ट्रीय पर्व के रूप में देश भर में मनाया जाता है। राष्ट्र के प्रति प्रत्येक व्यक्ति का क्या दायित्व है और राष्ट्र निर्माण में किस चीज की भूमिका सबसे अधिक है और उसे कैसे पूरा कर सकते हैं इसका अवलोकन कर हम राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा का परिचय देते हैं ।

संस्कृत कवियों में श्रीलाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विद्यापीठ के प्रो0 भागीरथी नन्द ने अपनी कविता के मर्म को समझाते हुये अपने जीवन को समाज सेवा के लिये समर्पित करने की प्रेरण दी। डॉ0 ऋषिराज पाठक ने ऋतुओं के बारे में उल्लेख किया। प्रो0 बलराम शुक्ल ने शृंगार के विभिन्न प्रकल्पों पर कविता पाठ किया। डॉ0 उर्वी ने भारतीय संस्कृति के उस विशिष्टता पर काव्य पाठ किया। कवि सम्मेलन का संचालन डॉ0 परमानन्द झा ने किया ।

इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे ।

प्रकाशन

अकादमी द्वारा ज्ञान–विज्ञान के विभिन्न उपयोगी विषयों पर संस्कृत–पुस्तकें प्रकाशित की जाती हैं। अभी तक प्रकाशित की गयी पुस्तकों का विवरण निम्न प्रकार से है। अधिक जानकारी के लिए ई–मेल sanskritpatrika.dsa@gmail.com, sanskritprakashan.dsa@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है :–

अकादमी प्रकाशनों की सूची

क्र.सं.	प्रकाशनों का विवरण	मूल्य
1.	महाबुद्धवत्थु–भाग एक से छः तक	1860
2.	वैदिक खण्ड (संस्कृत सूक्तिसमुच्चय) प्रथम संस्करण	300
	वैदिक खण्ड (संस्कृत सूक्तिसमुच्चय) द्वितीय संस्करण	300
3.	ब्राह्मण खण्ड (संस्कृत सूक्तिसमुच्चय) प्रथम संस्करण	200
	ब्राह्मण खण्ड (संस्कृत सूक्तिसमुच्चय) द्वितीय संस्करण	200
4.	उपनिषद् खण्ड (संस्कृत सूक्ति समुच्चय)	180
5.	आरण्यक खण्ड (संस्कृत सूक्ति समुच्चय)	125
6.	सांख्ययोग खण्ड (संस्कृत सूक्ति समुच्चय)	550
7.	वेदान्त खण्ड (संस्कृत सूक्ति समुच्चय)	260
8.	मीमांशा खण्ड (संस्कृत सूक्ति समुच्चय)	225
9.	न्यायवैशेषिक खण्ड (संस्कृत सूक्ति समुच्चय)	500
10.	स्मृति खण्ड (संस्कृत सूक्ति समुच्चय)	350
11.	जैन दर्शन खण्ड (संस्कृत सूक्ति समुच्चय)	300
12.	बौद्ध एवं चार्वाक दर्शन खण्ड (संस्कृत सूक्ति समुच्चय)	300
13.	वेदाङ्ग खण्ड (संस्कृत सूक्ति समुच्चय)	120
14.	रामायण खण्ड (संस्कृत सूक्ति समुच्चय)	200
15.	महाभारत खण्ड (संस्कृत सूक्ति समुच्चय)	300
16.	पुराण खण्ड (संस्कृत सूक्ति समुच्चय)	300
17.	काव्य एवं महाकाव्यखण्ड (संस्कृतसमुच्चय)	250
18.	काव्यशास्त्र खण्ड (संस्कृतसमुच्चय)	200
19.	गद्य खण्ड (संस्कृत सूक्तिसमुच्चय)	200
20.	संस्कृत नाट्य खण्ड (संस्कृत सूक्तिसमुच्चय)	300
21	आधुनिक नाट्य खण्ड (संस्कृत सूक्तिसमुच्चय)	300
22.	आधुनिक काव्य खण्ड (संस्कृत सूक्तिसमुच्चय)	150
23.	मुक्तक खण्ड (संस्कृत सूक्तिसमुच्चय)	180
24	व्याकरण खण्ड (संस्कृत सूक्तिसमुच्चय)	

25	शिक्षासूक्तिमुक्तावली	100
26.	चाणक्यसूत्रम्	300
27.	संस्कृतवाङ्मये विज्ञानम्	175
28.	संस्कृतवाङ्मये शासन प्रबन्धन पद्धतिः	100
29.	संस्कृतवाङ्मये जलविज्ञानम्	400
30.	संस्कृत वाङ्मय में जल विज्ञान (हिन्दी अनुवाद)	300
31.	संस्कृतवाङ्मये कृषिविज्ञानम्	300
32.	विंशशताब्दी संस्कृतकाव्यामृतम् – प्रथमो भागः	750
33.	विंशशताब्दी संस्कृतकाव्यामृतम् – द्वितीयो भागः	800
34.	दिल्लीस्थाः विंशशताब्द्याः संस्कृतरचनाकाराः	200
35.	स्वातन्त्र्यस्वर्णसौरभम्	600
36.	श्रीरवीन्द्रकाव्यकुसुमांजलिः– भाग एक,	50
37.	श्रीरवीन्द्रकाव्यकुसुमांजलिः– भाग दो,	50
38.	श्रीरवीन्द्रकाव्यकुसुमांजलिः– भाग तीन,	50
39.	श्रीरवीन्द्रकाव्यकुसुमांजलिः– भाग चार,	50
40.	व्यावहारिक संस्कृतम्–पुस्तक	5
41.	व्यावहारिक संस्कृतम्–चार्ट	16
42.	व्यावहारिक संस्कृतम्–(कैसेट)	15
43.	हनुमत् सुप्रभातम् (कैसेट)	25
44.	वर्णात्मकम् भगवती सुप्रभातम् (कैसेट)	25
45.	मेघदूतम् कैसेट–तीन भाग	75
46.	सौन्दर्यलहरी (कैसेट)	100
47.	सौन्दर्यलहरी (सी.डी.)	150
48.	भक्तिरसामृतम् (कैसेट)	250
49.	भीमशतकम् (प्रथम संस्करण)	100
50.	भीमशतकम् (द्वितीय संस्करणम्)	100
51.	संघे शक्तिः कलौ युगे	100
52.	प्रियदर्शिनीयम्	140
53.	सुभाषचन्द्रकाव्यवल्लरी,	50
54.	स्वतन्त्रता (कविता संग्रहः)	75
55.	भावना (कविता संग्रहः)	70
56	संस्कृतिः (कविता संग्रहः)	50
57.	भारती (कविता संग्रहः)	50
58.	व्यवस्था (कविता संग्रहः)	50
59.	समस्या (कविता संग्रहः)	50
60.	प्रभा (कविता संग्रहः)	50

61.	साधना (कविता संग्रहः)	50
62.	शिक्षा (कविता संग्रहः)	60
63.	राष्ट्रम् (कविता संग्रहः)	60
64.	देववाणी (कविता संग्रहः)	60
65.	दिल्ली (कविता संग्रहः)	50
66.	संस्कृत लघुकथा संग्रहः	80
67.	संस्कृत नाटक संग्रहः	80
68.	कथामंजरी	60
69.	नाट्यमंजरी	50
70.	कथालतिका	50
71.	नाट्यलतिका	50
72.	संस्कृतकथाकौमुदी	50
73.	संस्कृतनाट्यकौमुदी	50
74.	कथावल्लरी	50
75.	नाट्यवल्लरी	60
76.	संस्कृतलघुकथाचयः	150
77.	संस्कृतलघुनाट्यचयः	175
78.	संस्कृतलघुकथामंजूषा	100
79.	संस्कृतलघुनाट्यमंजूषा	100
80.	शंकरग्रन्थावलिः प्रथमो भागः —(उपनिषद्भाष्यम्)	700
81.	शंकरग्रन्थावलिः द्वितीयो भागः — (ब्रह्मसूत्रभाष्यम्)	350
82.	शंकरग्रन्थावलिः तृतीयो भागः—(श्रीमद्भगवद्गीताभाष्यम्)	400
83.	भूतत्त्वविद्यायाः प्रभवोपचयौ	250
84.	वेदमंजरी	800
85.	व्याकरण मंजरी	500
86.	निरुक्तसम्मर्शः	1500
87.	संस्कृत संगीत संध्या (डी.वी.डी.)	100
88.	संस्कृत गीत संगीत (डी.वी.डी.)	100
89.	संस्कृत श्लोक संगीत (डी.वी.डी.)	100
90.	संस्कृत काव्याली (डी.वी.डी.)	100
91.	संस्कृत एकल श्लोक संगीत (डी.वी.डी.)	100
92.	ऋग्वेद संहिता	600
93.	यजुर्वेद संहिता	250
94.	सामवेद संहिता	250
95.	अथर्ववेद संहिता	400
96.	श्रीमद्भगवद्गीता–समर्पणभाष्य सहित	150
97.	कथानिर्झरी	100
98.	नाट्यनिर्झरी	150

99.	ईशदर्शनम्	350
100.	ईशावास्योपनिषद्–एक विवेचनात्मक अध्ययन	350
101.	पाणिनिपंचकम्	250
102.	वैदिक–विमर्शः	150
103.	संस्कृतवाग्व्यवहारः	250
104.	संस्कृत कथा मंजरी	400
105.	साहित्यमंजरी–प्रथमो भागः	50
106.	संस्कृतवाक्यप्रबोध	50
107.	वदतु संस्कृतम्	250
108.	संस्कृत सूक्ति सुरभिः	500
109.	सामवेद भाष्यम्	250
110.	दर्शनपरिशीलनम्	100
111.	नाट्यावली	300
112.	द्रव्यगुण मीमांसा में वेदांत और विज्ञान	100
113.	कथा मंदाकिनी	– –
114.	संस्कृत दैनन्दिनी 2002 से 2013 तक	– –
115.	वार्षिकी 1988–1989 से 2002–2003 तक तथा 2004–2005 से 2019–2020 तक	
116.	संस्कृत सम्मेलन रिपोर्ट—1993, 1997, 2000, 2002 2016–17	
117.	संस्कृतमंजरी ISSN–2778–8360 अप्रैल–जून 1991 से अक्टूबर–दिसम्बर 2020 तक कुल 104 अंक प्रकाशित अप्रैल–जून 2000 से पूर्व के अंक रू. 8/– तथा पश्चात् रु.15/– प्रति अंक तथा जुलाई 2012 से 2020 प्रति अंक रु. 25/–	100 (वार्षिक)
118.	संस्कृत–चन्द्रिका (मासिक बाल पत्रिका) ISSN–2347–1565	25 प्रति अंक 250 (वार्षिक)
119.	नागरिक घोषणापत्र 2003, 2005 से 2008 2010, 2013, 2015, 2017 से 2022	
120.	संस्कृत कैलेण्डर (छोटे एवं बड़े)–2005 से 2012 तक	
121.	टेबल कलेण्डर–2013	– –
122.	संस्कृत सूक्ति पट्ट	– –
123.	संस्कृत सूक्ति चार्ट	– –
124.	संस्कृत सूक्ति चार्ट	– –

37.	कथाकल्पः	151
38.	कालिदासीयम्	175
39.	राष्ट्रदेवता	150
40.	टाईटैनिक जलयानम्	20
41.	दक्षिणी ध्रुवप्रदेशः	20
42.	रोमांचकी	40
43.	स्वतन्त्रभारती	130
44.	काव्यमन्दाकिनी	150
45.	सप्तकथाचक्रम्	60
46.	नाट्यकल्पः	300
47.	अभिनवचिन्तनम्	200
48.	चन्द्रतले मानवस्य प्रथमं पदार्पणम्	40
49.	पुराणविमर्शः	95
50.	सूक्तिस्तबकवल्लरी	140
51.	प्रणवचतुष्टयी	200
52.	काव्यमाला	150
53.	पापिष्ठा	125
54.	हरियाणाप्रदेशस्य पंच साहित्यकाराः	125
55.	काव्यकौरवम्	150
56.	शृंगेरीशतकम्	80
57.	संस्कृतसाहित्ये परिष्ठितिकी विद्या	200
58.	मृच्छकटिकपरिशीलनम्	200
59.	संस्कृतकविस्तवः	100
60.	अभिधानरत्नमाला	150
61.	ईसपकथा निकुञ्जः	275
62.	वेदार्थनिर्णये निरुक्तस्य महत्त्वम्	255
63.	शिवमहिम्नः रहस्यम्	100
64.	सूर्यशतकम्	120
65.	नव्यन्यायवादग्रन्थाः	150
66.	पर्यावरणकाव्यम्	150
67.	काव्यविलासः	275
68.	काव्यामृततरंगिणी	150
69.	वरंकन्या	100
70.	ऋग्वेद के दार्शनिक सूक्त	300
71.	षड्यन्त्र विस्फोटनम्	50
72.	नाट्यामृतम्	150
73.	श्रीदुर्गातत्त्वविमर्शः	200
74.	यज्ञ गौरवम्	80
75.	संस्कृत निबन्ध सुधा	120

अकादमी के पाण्डुलिपि प्रकाशन सहयोग के अन्तर्गत प्रकाशित पुस्तकों की सूची

क्र.सं.	पुस्तकों का विवरण	मूल्य
1.	विविधा	30
2.	उच्छ्वासानां प्रतिच्छाया	125
3.	पत्रकाव्यम्	300
4.	बालैकविंशतिः	12
5.	व्यामोहः	40
6.	श्रीविष्णुभगवतोनामशतकस्तोत्रम्	10
7.	सुभाषचरितम्	30
8.	सरलावासन्ती	50
9.	लक्ष्यवेधकः बुद्धिमान्	50
10.	वानरिका मुक्तमालिका च	50
11.	एकांकीनाट्यद्वयम्	20
12.	नीतिकथामकरन्दः	60
13.	परिवर्तनम्	40
14.	साममाष्यम्	125
15.	शतकचतुष्टयम्	40
16.	वैदिकी यज्ञ विद्या	200
17.	गीति मंजरी	60
18.	महर्षिमाल्यार्पणम्	25
19.	शतकत्रयम्	60
20.	वेदनावल्लकी	50
21.	अनुभूतिः	80
22.	के ते आसन् डायनासोराः	50
23.	श्रीमद्भगवद्विलासः	60
24.	पुस्तकालयपरिचर्याप्रसूनम्	200
25.	प्रेरणा पारिजातम्	80
26.	शुष्को वृक्षः	60
27.	दशमेशचरितम्	125
28.	सौन्दर्यलीलामृतम्	150
29.	अरण्यानी	100
30.	संस्कृतशतकम्	50
31.	शिशो उत्पत्तिः	20
32.	अस्माकं दन्ताः	20
33.	प्रशस्तिपंचचामरम्	100
34.	अवेक्षणानि	40
35.	तपस्वीकृषिवलम्	30
36.	राष्ट्रं भवति सर्वस्वम्	35

112.	चन्द्रगुप्तचरितमहाकाव्यम्	200
113.	राष्ट्रचिन्तनम्	100
114.	स्वामीश्रद्धानन्दचरितमहाकाव्यम्	100
115.	महापुरुषस्मरणं सम्मान च	100
116.	स्वामीश्रद्धानन्दचरितम्	100
117.	चिन्तनालोकः	250
118.	आकाशतारा	100
119.	श्रीपरशुरामचरितम्	450
120.	उन्मीषितम्	180
121.	संघे शान्तिः सर्वदा	100
122.	कृष्णोपायनम्	150
123.	हितोपदेशकथा	200
124.	विश्वेतिहास्य तिथिक्रमः	500
125.	श्रावणस्य प्रथमदिवसे	300
126.	आशीर्वादः	300
127.	नाट्यमृतम्	90
128.	संस्कृत सहित्यमंजूषा	275
129.	कथामृतम्	105

पुस्तकालय

अकादमी द्वारा कार्यालय परिसर में पुस्तकालय की व्यवस्था की गई है, जिसमें संस्कृत साहित्य की विभिन्न पुस्तकों के अतिरिक्त अकादमी द्वारा एवं अकादमी के सहयोग से प्रकाशित पुस्तकें पठन हेतु उपलब्ध हैं।

संस्कृत–पत्रिका–प्रकाशन एवं प्रेषण योजना

